भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2300**

उत्तर देने की तारीख 09 दिसंबर, 2024
18 अग्रहायण, 1946 (शक)

**युवाओं को प्रशिक्षण**

**2300. श्री जगदीश शट्टर:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पेरिस ओलम्पिक में एथलीटों के प्रदर्शन का कोई आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या खिलाड़ियों की तैयारी प्रक्रिया में कोई खामियां पाई गई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा एथलीटों के लिए उचित प्रशिक्षण, पोषण और सहायता सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (घ): पेरिस ओलंपिक 2024 के समापन के बाद भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक की अध्यक्षता वाले मिशन ओलंपिक सेल जिसमें पूर्व प्रतिष्ठत खिलाड़ी, खेल प्रशासक शामिल हैं, ने पेरिस ओलंपिक से प्राप्त सीखों पर चर्चा की। इस विचार-विमर्श के प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं:

- एनएसएफ में एथलीटों के लिए स्पष्ट चयन नीति और प्रशिक्षण योजना
- सुदृढ़ घरेलू प्रतिस्पर्धा संरचना के माध्यम से प्रतिभा की पहचान
- खेल प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए खेल विज्ञान का एकीकरण
- कोचों और तकनीकी अधिकारियों का विकास और उनकी दक्षताओं में सुधार

ओलंपिक सहित अंतरराष्ट्रीय आयोजनों की तैयारी एक सतत प्रक्रिया है। ओलंपिक, एशियाई खेल आदि जैसे मेगा-स्पोर्ट्स स्पर्धाओं सहित अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए खिलाड़ियों/टीमों को तैयार करने के लिए प्रशिक्षण, प्रतिस्पर्धी एक्सपोज़र, विदेशी कोचों सहित कोचों और सहायक कर्मियों से संबंधित राष्ट्रीय खेल

परिसंघों (एनएसएफ) की योजनाओं/प्रस्तावों पर विचार-विमर्श करके वार्षिक प्रशिक्षण और प्रतियोगिता कैलेंडर (एसीटीसी) बैठकों में उन्हें अंतिम रूप दिया जाता है।

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय विभिन्न स्कीमों, जैसे राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता स्कीम और टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) के माध्यम से भारतीय खिलाड़ियों/टीमों को सहायता प्रदान करता है । भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) सहित युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय और एनएसएफ आगामी अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के लिए टीमों और खिलाड़ियों की तैयारी के लिए सर्वोत्तम सुविधाएं, प्रशिक्षण, उपकरण सहायता और साथ ही आवश्यक पौष्टिक आहार प्रदान करने के लिए आपसी समन्वय में काम करते हैं।

इसके अलावा, सरकार ने समग्र खेल पारिस्थितिकी तंत्र में खेल विज्ञान को बेहतर ढंग से एकीकृत करने के लिए राष्ट्रीय खेल विज्ञान और अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर), नई दिल्ली की भी स्थापना की है।

*****